तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024



13 शैलेंद्री को आने जाने में अब नहीं होगी परेशानी





14 गोहरापदर व अमलीपदर में निकाली भव्य शोभायात्रा






## खबर संक्षेप

### दो बाइक आपस में टकराई तीन गंभीर रूप से घायल

**मैनपुर।** मंगलवार को मैनपुर क्षेत्र में दो मोटर सायकल आमने - सामने से आपस में टकराया गया। जिससे मोटर सायकल में सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। जानकारी के अनुसार लालसिंह, देवीसिंह, कुरूभाठा निवासी के हाथ पैर में चोट आया है। वहीं दुसरी ओर कौशिक आलम, असरफ खान को भी चोंट लगी है। तो वहीं सिकसार मार्ग के पास मोटर सायकल पेड से टकरा जाने से बल्दुराम कमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### हरदीभाठा में कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ 25 से

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा में यंग स्टार कबड्डी क्लब द्वारा छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर 25 जनवरी से 26 जनवरी दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, इस कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 08 हजार रूपये एंव शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 04 हजार रूपये एंव शिल्ड के साथ कई आकर्शक पुरस्कार रखे गये है, आयोजक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, सचिव तिले"वर निर्मलकर, कप्ताह मुकुंद निर्मलकर, हर्शवर्धन, पुष्पेन्द्र, चन्द्रशेखर, दिपीक, हेमेन्द्र, कौशिक एंव यंग स्टार कबड्डी क्लब के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

### बालक को कुत्ते ने काटा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 35 किलोमीटर दूर कोयबा में एक पांच वर्षिय बालक भोजलाल को आवारा कुत्ता ने काट दिया। जिससे बालक घायल हो गया। जिसे ईलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### बिजली पोल हटाने की मांग

**मैनपुर।** ग्राम छैलडोंगरी के निवासी जामसिंह सोनवानी ने अपने घर के सामने गली में बिजली खंभ जो झुक गया है। जिससे हमेंशा दुर्घटना बनी रहती है, इसे हटाने की कई बार मांग किया जा चुका है, लेकिन अब तक नहीं हटाने के कारण संकल्प शिविर में उन्होने एक ज्ञापन गरियाबंद कलेक्टर के नाम सौंपा है।

### मड़ई मेला 27 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 05 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव बरदुला में 27 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान क्षेत्रभर से पहुंचे देवी -देवताओं की पूजा -अर्चना कर मड़ई मेला का आयोजन किया जायेगा। सरपंच सहदेव साण्डे ने समस्त क्षेत्रवासियों से मड़ई मेला में शामिल होने की अपील की है।

### कंठियापारा में नया आंबा केंद्र खोलने की मांग

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत कोदोभाठा के आश्रित ग्राम कंठियापारा में नया आगनबाडी खोलने की मांग ग्रामीणों ने किया है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन दरलीपारा की दूरी अधिक होने के कारण छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी तक पहुंचने में भारी असुविधा हो रही है। जिसके कारण कई बच्चों को आंगनबाड़ी का लाभ नहीं मिल रहा है, कंठियापारा में आंगनबाड़ी केन्द्र खोला जाये।

# 9 माह में नहीं हुई स्कूल की मरम्मत, अतिरिक्त कमरे में लग रहीं तीन कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों का मरम्मत के लिए राशि जारी किया गया और स्कूलों का मरम्मत प्रारंभ किया गया। अधिकांश स्कूलों में शिकायत रही कि स्कूल प्रबंधन को भी नहीं बताया गया है कि मरम्मत क्यो किया जा रहा है ? लगभग सभी जगह पर टाइल्स, पुताई, छत मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। किंतु वह भी समय सीमा में नहीं होने पर स्कूल के स्टाफ और बच्चे काफी परेशान है। और ठेकेदारों व अधिकारी पूर्ण समझकर उस दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।

## टाइल्स, पुताई व छत मरम्मत का किया जा रहा कार्य

### मरम्मत का कार्य हो चुका पूरा

इंजीनियर मनीष धुव बताया कि स्कूल में टाइल्स, पोताई एवं मरम्मत का कार्य किया जाना था जो पूर्ण हो चुका है। किंतु अब तक स्कूल को क्यों नहीं दिया गया है। इस संबंध में ठेकेदार से चर्चा करके बता पाऊंगा।



### अधिकांश कार्य अधूरे

प्रधान पाठक साहू ने बताया कि क्या -क्या कार्य हुआ है, ना हीं अधिकारी ने बताया है और ना ही ठेकेदार द्वारा बताया गया है। और अप्रैल महीना से कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा कार्यों के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। वहीं अधिकांश कार्य अभी भी अधूरा है। पूरा कार्यालय, अतिरिक्त कक्ष में संचालन कर रहे हैं। जिससे काफी परेशानी हो रही है।

माध्यमिक शाला दादर गांव नया में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत लगभग 6.50 लाख रुपए के कार्य ठेकेदार माध्यम से अप्रेल 2023 से कार्य करने का आदेश दिया गया है जो लगभग 9 महीना हो गया है। किंतु अभी उस भवन में ताला लटका हुआ है और माध्यमिक शाला की तीन कक्षा कार्यालय और उसमें के लगभग 75 छात्र -छात्राएं हैं। अतिरिक्त कक्षा के दो कमरे और बरामदा में विगत 9 महीने से पढ़ाई कर रहे हैं। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि शासन जिन कार्यों को अच्छे परिणाम के लिए सोच कर आगे बढ़ते हैं उसमें प्रशासन कितनी सक्रियता से कार्य कर रही हैं। इससे साफ पता चलता है।

# सब्जी की खेती को बचाने किसानों ने की थी नदी में पानी छोड़ने की मांग, अब डूब रही फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सिकासार बांध से नदी में छोड़ गए पानी नदी बाड़ी में फसल लगाने वाले किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। नदी में अचानक पानी की धार बढ़ जाने से नदी बाड़ी में लगे सब्जी की खेती पानी में डूब गए हैं। नदी में पानी की रफ्तार धीमी नहीं होने की स्थिति में सब्जी बाड़ी की खेती तबाह हो सकती हैं। किसानों ने प्रशासन से नदी में पानी की धार कम करने निवेदन किया है। बीते दिनों नदी बाड़ी में लगे सब्जी की खेती पानी की कमी से जूझ रहा था, किसानों ने नदी में पानी छोड़ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर पानी छोड़ने फरियाद किया। जिसके बाद विधायक रोहित साहू ने सिंचाई विभाग अधिकारी को नदी में पानी छोड़ने निर्देश दिए। विधायक श्री साहू के निर्देश पर सिकासार बांध से नदी में पानी छोड़ा गया। सिंचाई विभाग ने नदी में इतना ज्यादा पानी छोड़ दिया की अब नदी में लगे फसल पानी में डूब गया है।

- किसानों ने नदी की रेत में कुम्हड़ा करेला, बरबट्टी तरबूज, खरबूज व खीरा की लगाई है फसल





## सिंचाई विभाग ने नदी में छोड़ा ज्यादा पानी

गौरतलब है की पैरी नदी के निचले इलाकों मे किसान नदी के रेत पर सब्जी बाड़ी की खेती करते हैं। किसान नदी के रेत में कुम्हड़ा, करेला, बरबट्टी, तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी और फल्ली सहित अन्य फसल लगाए हैं। इनमें से ज्यादातर किसान भूमिहीन है, किसानों ने बताया कि नदी में केज लेकर फसल लगाए हैं। इन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले नदी में को फसल बचाने के लिए पानी छोड़ने मांग किया था लेकिन उन्हें यह नहीं पता था उन्हें पानी की मांग करना भारी पड़ जाएगा। किसानों ने कहा कि उन्होंने बहुत कम मात्रा में पानी छोड़ने को कहा था लेकिन सिंचाई विभाग ने बहुत ज्यादा पानी नदी में छोड़ दिया है।

# चोरी के दो अलग-अलग मामले में आरोपी गिरफ्तार



## आरोपी के कब्जे से 3 बाइक व ट्रैक्टर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

चोरी के दो अलग-अलग मामलो में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार क्षेत्र में 17 जनवरी को रात में श्री साई ट्रेक्टर शो रूम छुरा में रखे नीले रंग का पावरट्रेक कंपनी सोल्ड ट्रेक्टर कीमती 7 लाख 50 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा दीवाल के घेरा को तोड़कर ट्रेक्टर की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। प्राथी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दिनांक 17जनवरी के रात 11 बजे के लगभग किसी अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी शैलेन्द्र दीक्षित के घर सामने रखे बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। जिस पर छुरा पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की तथा रिपोर्ट के आरोपी मेषु साहू उम्र 19 वर्ष को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपी के कब्जे से चोरी किये समान को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## प्राण-प्रतिष्ठा पर सेंदर में अवध, अयोध्या जैसा माहौल...



**छुईहा बेलर।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर ग्राम सेंदर में अवध अयोध्या जैसा माहौल था। शुभ मुहूर्त में जैसे ही प्रभु श्री राम की पहली झलक लोगों ने टीवी पर देखी, उनके खूबियां छलकने लगे। जय श्री राम का जयघोष होने लगा। राम भक्त युवक युवती नृत्य करने लगे। रामलला प्राण प्रतिष्ठा होते ही साझे रूप में अखण्ड मानस पाठ, यज्ञ, हवन तथा संगीतमय मानसगान का मंचीय कार्यक्रम रखा गया। युवतियां अनेक विधा में राम भजनों पर जमकर झूमे नृत्य कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

# सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य कल से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले मे राशनकार्डों के नवीनीकरण की प्रक्रिया 25 जनवरी से प्रारंभ हो रही है। नयी सरकार के गठन उपरांत राज्य शासन ने राशनकार्डो का नवीनीकरण किया जाना अनिवार्य कर दिया है। अब ई-पोस से ऑनलाइन-ऑफलाइन अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से 25 जनवरी से खाद्य विभाग अपने राशन कार्डों का नवीनीकरण का महाअभियान जिले मे प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिले के अधिकारियों को इस बाबत विभागीय प्रशिक्षण विगत दिनों दे दिया गया है। उचित मूल्य दुकान के ई-पोस के माध्यम से आम हितग्राही अपना राशन कार्ड एवं आधार के साथ उपस्थित होकर ई-केवाईसी कराएंगे। हितग्राही के ई-केवाईसी कराते ही राशनकार्ड नवीनीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। आम हितग्राही के लिए 25 जनवरी से 15 फरवरी के मध्य उपरोक्तानुसार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य हैं। इसके लिए उन्हें अपना मोबाइल नंबर भी बताना होगा। पूर्व में दर्ज मोबाइल ⏭ शेष पेज 12 पर

- ई-पोस मोबाइल ऐप से किया जाएगा राशनकार्डों का नवीनीकरण


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**


## शाकम्भरी जयंती कल, मरार समाज करेगा सब्जी वितरण

**राजिम।** मरार पटेल समाज की आराध्य देवी माँ शाकम्भरी जयंती पर 25 जनवरी को मरार समाज धूमधाम से मनाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चंदुलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता पटेल समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजिम राज के अध्यक्ष तेजराम पटेल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य शेखर साहू होंगे। पटेल समाज के जिला अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में राज कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, संरक्षक आशाराम पटेल राज उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, कार्यालय सचिव पूर्व पार्षद भुखन पटेल, पार्षद सूरज पटेल के अलावा बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहेंगे। बताया कि जयंती के अवसर पर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में निशुल्क सब्जी वितरण, अन्य समाज प्रमुखो, पार्षद गणों व पत्रकारों का सम्मान किया जावेगा। शाकभरी माता की भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी।




## विधायक, कलेक्टर, बच्चों सहित मातृशक्तियों ने दीप जलाकर पूरे राजिम नगर को किया रोशन







**राजिम।** सोमवार को राजिम राममय रहा। अयोध्या में रामलला के विराजने पर शहर के प्रत्येक हिस्सो में दीपावली जैसी खुशियां नजर आई। राजिम का महोत्सव स्थल रामभक्तो से भरा रहा। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। एक लाख दीप प्रज्जवलित करने के लिए मानो पूरा शहर उमड़ पड़ा था। विधायक रोहित साहू,कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, बच्चे और मातृशक्तियां बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिन्होने दीप प्रज्जवलित कर पूरे राजिम शहर को रोशन किया।

### खबर संक्षेप



### नपा सभापति ओमप्रकाश ने किया यज्ञ हवन

**राजिम।** नगर पंचायत राजिम के सभापति ओमप्रकाश आडिल ने अयोध्या में भगवान रामलला के विराजमान होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुहल्लेवासियों के साथ बहुत ही धूमधाम से पूजा, यज्ञ, हवन कर प्रसादी वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में वार्ड के लोग शामिल हुए।

### शिवाजी चौक में जलाए गए दीए



**राजिम।** पूर्व सांसद चंदुलाल की मौजूदगी में शिवाजी चौक में दीये जलाए गए। इस अवसर पर सुनील श्रीवास्तव, अनुराग जैन, यादराम साहू, जीवन बांसवार, रज्जु जैन, विनु यादव, युवराज सांखला आदि मौजूद थे।

### ग्राम कोरासी में अंगना म कार्यक्रम आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कोरासी के प्राथमिक शाला एवं पुर्व माध्यमिक शाला में 24जनवरी दिन बुधवार सुबह 11बजे से अंगना म शिक्षा एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी बच्चों के माता को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### वार्षिकोत्सव एवं स्नेह सम्मेलन आज

**रसेला।** ग्राम रसेला में संचालित गुरु कृपा विद्या मंदिर में 24 जनवरी को वार्षिकोत्सव एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनकराम ध्रुव विधायक विन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, विशिष्ट अतिथि उप-सरपंच परमेश्वर यादव, हेमलता ध्रुव जनपद सदस्य, लोकराम यादव ग्राम पटेल, डी आर यादव, ठाकुर राम यादव, भावसिह मरकाम, कमलेश्वर नायक, चिराग़ अली जिला महामंत्री कांग्रेस, धनंजय ध्रुव पालक संघ अध्यक्ष, मनोज दीवान उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शाला प्रांगण गुरु कृपा विद्या मंदिर रसेला में आयोजित किया गया है।

पेज 11 का शेष...

### सभी राशनकार्डों के...

नंबर बताने पर सत्यापन कार्य आसान हो जायेगा। ऐसे हितग्राही अपने घर बैठे अपने स्वयं के मोबाइल से अपना ई-केवाईसी करना चाहें उनके लिए उनका मोबाइल नंबर स्वयं के राशन कार्ड लिंक होना अनिवार्य है ऐसे हितग्राही स्वयं ही अपना ई-केवाईसी करते हुए अपना राशनकार्ड नवीनीकरण करा सकते हैं।

**जिले में 2 लाख से ज्यादा राशन कार्ड-** खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि विभाग का उक्त कार्य समयसीमा में किया जाना जो कि प्रत्येक उचित मूल्य दुकान के ई-पोस मशीन एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से होगा। जिसका ऐप एवं सॉफ्टवेयर लांच कर दिया गया है। खाद्य विभाग गरियाबंद में वर्तमान में लगभग 2 लाख 6 हजार 421 राशन कार्ड प्रचलित है। जिसमें कि 6 लाख 50 हजार 673 सदस्य दर्ज है जिनका कि सत्यापन समय सीमा में किया जाना है।

### प्राण-प्रतिष्ठा : भजन- कीर्तन, रामधुनी एवं राम ज्योति जलाकर ग्रामीणों ने मनाया उत्साह

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से कारसेवकों की कुर्बानी हुई सार्थक : अशोक बजाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक अशोक बजाज ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि में रामलला की प्राण -प्रतिष्ठा के साथ ही सनातन धर्म के नए अध्याय का सूत्रपात हो गया है। लंबे अंतराल के बाद यह सौभाग्य और गौरव हिन्दू समाज को हासिल हुआ है. उन्होंने कहा कि इस यादगार को क्षण को अक्षुण्ण बना कर रखें ताकि आने वाली पीढ़ी सदा सदा याद रखें। श्री बजाज ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को कारसेवा के अपने अनुभव साझा करते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन में शहीद होने वाले कारसेवकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की दृढ इच्छाशक्ति से कारसेवकों की कुबार्नी सार्थक हुई है तथा आज उनकी आत्मा को शांति मिली है। श्री बजाज ने प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर क्षेत्र के सुंदरकेरा, थनौद, उमरपोटी, आलेखूंटा, सोंठ एवं परसदा सहित दर्जनों ग्रामों का दौरा किया तथा जश्न में शामिल होकर रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अभनपुर के अध्यक्ष कुंदन बघेल, नत्थूराम साहू, अभय सिंह ठाकुर, टीकाराम पटेल, बिसौहाराम साहू, टिकेंद्र साहू, नीलकंठ साहू, ईश्वर ध्रुव, अवध राम नागवंशी, अवधराम पटेल, देवनारायण सिन्हा, नोहर यादव, यादवराम साहू, प्रेम सेन, रूपचंद नागवंशी, रामअवतार पटेल, झाड़ूराम सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, सरपंच हेमंत सिन्हा, योगेंद्र ध्रुव, पुरषोत्तम सिन्हा, पवन सिन्हा, खूबी सिन्हा, रामकुमार हिरवानी, शत्रुघ्न सेन, रामखिलावन साहू, बेनीराम निर्मलकर उपस्थित थे।



## भेण्डरी हुआ राममय, जगह जगह हुए धार्मिक आयोजन

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में आयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कृषक अमृत साहू द्वारा नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में पंडित के मंत्रोच्चार के बीच प्राण-प्रतिष्ठा हुआ। इस मंदिर में भगवान श्रीराम, भैया लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान महाराज विराजमान हुए। प्राण प्रतिष्ठा के समय पूरा मंदिर परिसर भगवान श्रीराम के जयकारे से गुजने लगा। इस अवसर पर श्रीरामचंद्र की महाआरती किया गया। हनुमान मंदिर में बजरंग दल द्वारा हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर 108 बार हनुमान चालीसा पाठ किया तथा भगवान श्रीराम और हनुमान जी का महाआरती किया गया। टीवी प्रोजेक्टर से लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान छह रामचरितमानस मंडलियों द्वारा संगीतमय रामायण का आयोजन भी किया गया। गौरा-गौरी चौक में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाला गया। श्रीराम के जयकारे से पूरा गांव गुंजने लगा। बुड़ेनी, नवागांव, चंदना, चमसुर, बुड़ेनी, परेवाडीह, मौहरेगा, दमकाडीह के मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा होने पर कांग्रेसियों में हर्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अयोध्या में भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी मे कांग्रेसियों ने प्रसाद वितरण किया और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, देवा साहू, रमेश साहू उपसरपंच, बिसहत साहू, सुरेश साहू, किशुन हिरवानी, ठाकुर विश्वकर्मा, मुकेश साहू, अजीत साहू, जगदीश साहू, टीकू साहू, अवध साहू, टेमन साहू, ईश्वरी साहू, कृष्णा साहू सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## नवापारा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



अयोध्या में रामलला के प्रतिमा स्थापना के अवसर पर नवापारा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरण कर दीये जलाए और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, परदेशी राम साहू, रेशम सिंह हुंदल, धीरज साहू, भूपेंद्र सोनी, मुकुंद मेश्राम, मनीष देवांगन, सुमीत सोनी, इश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## जौंदी में धूमधाम से हुई कथा-पूजा, जले 1151 दीप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अयोध्या धाम में श्री रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्राम जौंदी के प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में पंडित के मन्त्रोचार के बीच पूर्व सरपंच टीकम चंद साहू ने भगवान श्री सत्यनारायण की कथा रख 1151 दीप जलाकर खुशियां मनाया। साहू परिवार द्वारा इस अवसर पर ग्रामीणो को छट्टी-भात में मुनगा बरी की सब्जी खिलाया गया। रात्रि में फटाखे फोड़े गए। इस अवसर पर भागवत यदु,झड़ीराम ध्रुव,अशोक यदु,शिवकुमार साहू, मनीष यदु, चेतन, नरोत्तम साहू, प्रदीप बैष्णव, सोहन साहू, लता साहू, सुनीता साहू, केजा बाई, नीरा बाई, द्रौपती साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## गोकुलधाम में निकाली गई कलश यात्रा

**फिंगेश्वर।** नगर के गोकुलधाम गोपेश्वर नाथ मंदिर में 500 दीप जलाकर कलशयात्रा 22 जनवरी को निकाली गई। श्री राम भगवान का भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से शीला यादव शांति कोसरे,उर्मिला साहू,निशा साहू,भुवनेश्वरी निषाद,अनीता सेन सरोज निषाद,संगीता,उत्तरा दीवान उपस्थित रहीं।

### शाकंभरी सेवा संस्थान द्वारा किया गया आयोजन

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शहीदों के माता-पिता का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम रवेली निवासी शहीद राजेश कुमार ध्रुव के उनके माता पिता को शासकीय प्राथमिक व शासकीय माध्यमिक शाला रवेली के शाला प्रांगण में शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।सर्वप्रथम शहीद राजेश कुमार ध्रुव जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। और साथ ही साथ नेताजी सुभाष चन्द्रबोस का जन्मदिवस मनाया गया। 23 जनवरी 1897-18 अगस्त 1945) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं। कुछ इतिहासकारों



का मानना है कि जब नेता जी ने जापान और जर्मनी से सहायता लेने का प्रयास किया था तो ब्रिटिश सरकार ने अपने गुप्तचरों को 1941 में उन्हें खत्म करने का आदेश दिया 23 जनवरी को नेताजी की 127 वीं जयंती शाला प्रागंण में मनाया गया। जिसे भारत सरकार के निर्णय के तहत पराक्रम दिवस के रुप में मनाया गया। और साथ - साथ शहीद राजेश कुमार ध्रुव के परिजन को सम्मान किया समाजसेवी मनोज पटेल,सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर के द्वारा इस मौके पर प्रमुख रुप से शहीद के नोहरु ध्रुव, माता अग्नि बाई ध्रुव, ग्रामीण मनोज शर्मा,धनीराम साहू, भारत विश्वकर्मा, हीरालाल यादव, लुकेश कुमार साहू, हृदयराम ध्रुव, जितेन्द्र साहू,सोमनाथ ध्रुव,हेमन्त यादव उपस्थित थे।

### सुभाषचंद बोस की मनाई गई127 वीं जयंती

**मैनपुर।** नगर में मंगलवार को शहर कांग्रेस मैनपुर द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेता सुभाषचंद्र बोस की 127 वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंली दी गई। शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेता सुभाशचंद्र बोस के तुम मुझे खुन दो मै तुम्हे आजादी दूंगा, जय हिन्द और दिल्ली चलो जैसे नारो आजादी की लड़ाई में एक नई ऊर्जा भरने का काम किया। उनके द्वारा गठित आजाद हिन्द फौज ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। पिलेश्वर सोरी ने कहा आज नेता सुभाशचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर हम




सबको संकल्प लेने की जरूरत है कि उनके बताये रास्तो पर चलते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, त्रिभुवन पटेल, अशोक दुबे, डोमार साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### श्री राधाकृष्ण मंदिर 21 सौ दीए से हुए रोशन

**नवापारा-राजिम।** श्री राधाकृष्ण मंदिर स्थापना के 100 साल पूरे करने जा रहा है, यहां पर श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठित होने के उपलक्ष्य में धूम धाम से दिवाली जैसी खुशी मनाई गई। लाइट की झालरों से मंदिर परिसर को सजाया गया। गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि सालासर सुन्दरकाण्ड समिति ने श्रीराम रक्षा स्तोत्र का पाठ एवं सुन्दरकाण्ड की चौपाइयों का संकीर्तन किया। सुबह से ही मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भक्त जनों को प्रसाद वितरित किया गया। संध्या समय अग्रवाल नवयुवक मण्डल ने 2100 दीयो से पूरे मन्दिर परिसर को सजा दिया। संध्या समय रविशंकर महाराज ने आरती की जिसमें अग्रवाल समाज सहित सकल समाज के लोग शामिल हुए, पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने श्री राम स्तुति करते हुए राम नाम का संकीर्तन कराया। रात्रि में भंडारे का आयोजन हुआ।

### प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं में छात्रों ने लिया हिस्सा



**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्था से जैसे इंडियन टैलेंट, स्कॉलर हंट, सिल्वर ज़ोन, साइंस ओलंपियाड प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित कंप्यूटर और अंग्रेजी विषय में परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शाला में अध्यनरत कक्षा पहली से कक्षा दसवी के छात्र -छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिए। जिसमें आशिता मिश्रा कक्षा 6वी, उन्नती सितलानी, आरोही कुक्रेजा कक्षा चौथी एवं वर्षा यादव कक्षा आठवी को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के माध्यम स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। शैजू जॉर्ज जैकब के माध्यम से मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### हनुमान मंदिर में प्रसादी का किया गया वितरण



**नवापारा-राजिम।** शहर के चिकित्सक डॉक्टर केआर सिन्हा ने सपत्निक हनुमान की पूजा-अर्चना कर अयोध्या में श्री रामलला की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर प्रसादी वितरण किया।

**बैठक : 45 गांव के लगभग 7500 एकड़ में पहुंचेगा पानी**

# रबी फसल के लिए मिलेगा सिंचाई का पानी 30 हजार से ज्यादा किसान होंगे लाभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयास से पांच साल बाद राजिम विधानसभा क्षेत्र के हजारों किसानों को रबी फसल के लिए सिंचाई से पानी मिलेगा। किसानों के इस मांग को पूरा करने के लिए वे लगातार शासन स्तर पर प्रयासरत थे। हाल में उन्होने सीएम विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री केदार कश्यप से भी इस संबंध में मुलाकात थी। उनके प्रयास से राजिम विधानसभा क्षेत्र के 45 गांवों के लगभग 7500 एकड़ खेतो में इसी सीजन से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे करीब 30 हजार से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में किसानो के सुविधा को देखते हुए रबी फसल के लिए बांध का पानी देने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, सिंचाई विभाग के ई एस बर्मन सहित सभी अनुविभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक साहू ने जिला प्रशासन को रबी फसल सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि किसानों को समय से पानी मिले इसके अनुरूप सिंचाई विभाग जल आपूर्ति करें। साथ ही उन्होने किसानों को दलहन तिलहन फसल लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। वही कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों को जल छोड़ने की सूचना गांवों में मुनादी के माध्यम से देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित सिंचाई विभाग और जिला जल उपयोगिता समिति के सदस्यगण शामिल हुए।

**सिकासार जलाशय सहित अन्य जलाशय से छोड़ेगें पानी-** बैठक के बाद विधायक रोहित साहू ने बताया कि पांच साल से किसान रबी फसल के लिए पानी की मांग कर रहे थे। इसे लेकर उन्होने मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री से मुलाकात की थी। उनके द्वारा किसानों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए रबी फसल के लिए पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बैठक में सिकासार जलाशय सहित अन्य जलाशय से किसानो को पानी देने का निर्णय लिया है। 25 जनवरी से कुकदा पिकअप वियर समेत अन्य जलाशय से पानी छोड़ने का शुभारंभ किया जाएगा। इससे जिले के 70 गांव के 9000 एकड़ सिंचित होंगे। करीब 50 हजार किसान लाभावित होंगे। पानी छोड़े जाने के लिए उन्होने सीएम विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री केदार कश्यप का किसानो की ओर से आभार भी जताया।

**इन क्षेत्र के किसानों को मिलेगा सिंचाई का लाभ-** वृहत योजना अंतर्गत सिकासार जलाशय पैरी दांयी मुख्य नहर तथा जोगीडीपा माइनर, खड़मा जलाशय, आमानाला, कोटरीनाला, तौरेंगा, बोरिद, गुण्डरदेही, गनियारी जलाशय आदि से छुरा क्षेत्र के पाण्डुका, रजनकट्टा, सरकड़ा, कुकदा, पोड़, कुटेना, खडमा, अमेठी, परसदाखुर्द, वही फिंगेश्वर क्षेत्र के खट्टी, आसरा, अतरमरा, कुम्हरमरा, मोहतरा, मुरमुरा, फुलसर, तर्रा, सुरसाबांधा, कसेरूडिह, ध्रुरसा, जमाही, छुईया, चरौदा, फिंगेश्वर, परसदाकला, बेलर, बोड़की, फुलझर, पतोरी, घोघरा, जोगीडीपा, सड़कड़ा, गनियारी, गुण्डरदेही, सांकरा, गाड़ाघाट, रेवली, परतेवा, श्यामनगर, घुमा, लफंदी, बेलटुकरी, किरवई सहित अन्य गांवो को पानी मिलेगा।

## किसानों को बोनस राशि नहीं मिलने की जांच के लिए 26 तक करें सत्यापन

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज समय सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने विभागों में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने तकनीकी त्रुटि के कारण किसानों के खाते में बोनस राशि नहीं मिलने की जांच करने ऐसे किसानों का 26 जनवरी तक अनिवार्य रूप से खाता सत्यापन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सरकारी बैंक के नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों को समन्वय कर खाता सत्यापन के कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेच चुके ऐसे किसानों के खातों में धान बोनस की राशि मिल सकेगी, जिनको अभी तक तकनीकी त्रुटि के कारण बोनस राशि प्राप्त नहीं हुई है। समय सीमा की समीक्षा बैठक में डीएफओ मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एडीएम अविनाश भोई सहित एसडीएम और विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यों तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में निवासरत पीवीटीजी कमार सदस्यों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सड़क, संचार, बिजली, पेयजल एवं आवास आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों से नामांतरण, खाता विभाजन, बंटवारा एवं सीमांकन आदि के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालय में पेंडिंग प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही लंबित प्रकरणों के निराकरण जल्द करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए जिले में अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर सक्रियता के साथ लगातार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने 26 जनवरी की सभी जरूरी तैयारियां समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों को दिए गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही समारोह स्थल की अच्छे से तैयारी साफ सफाई, साज सज्जा, परेड, स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित झांकियों की प्रस्तुति की भी तैयारी अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 8.45 बजे पुलिस लाइन परेड ग्राउंड गरियाबंद में की जायेगी। इसमें सभी जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने के भी निर्देश दिए।



## शैलेंद्री को आने जाने में अब नहीं होगी परेशानी

- कलेक्टर ने जनचौपाल में आई दिव्यांग शैलेंद्री को दिलाई मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल
- जनचौपाल में 67 लोगों ने प्रस्तुत किए आवेदन
- आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में 67 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। आज आयोजित जनचौपाल में मोहतरा खरखरा निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति की दिव्यांग शैलेंद्री कमार ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल को आवेदन देकर बताया कि दिव्यांग होने के कारण उसको आने जाने में परेशानी होती है। साथ ही रोजगार के भी साधन नहीं है। जिसके कारण जीवनयापन में कठिनाई आ रही है। इस समस्या पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर दिव्यांग शैलेंद्री को तत्काल मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल देने के निर्देश दिए। साथ ही सीईओ जनपद पंचायत छुरा को शैलेंद्री को मनरेगा में नियोजित कर पानी पिलाने के कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनचौपाल में ही शैलेंद्री को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और हेलमेट दिया। शैलेंद्री ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने और रोजगार की भी व्यवस्था हो जाने पर खुशी जताते हुए कलेक्टर श्री अग्रवाल का आभार जताया।

### इंस्टाग्राम में अश्लील फोटो एडिट कर वायरल करने वाला गया जेल

**फिंगेश्वर।** बेटी की अश्लील फोटो भेजकर पिता से राशि की मांग की। राशि नहीं मिलने पर इंस्टाग्राम में अश्लील फोटो एडिट कर वायरल कर दिया। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 384,509(ख) भादवि0,67 आई टी एक्ट के तहत मोहन तारक पिता कुमार तारक उम्र 18 वर्ष ग्राम बासीन थाना फिंगेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 19.12.2023 को प्रार्थी ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि उनकी बेटी का अश्लील फोटो को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर भेजकर मोबाइल नंबर 9399215477 में फोन पे के माध्यम से पैसा डालने का मैसेज आया। पैसा नहीं देने की स्थिति में अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी दी गई है। प्रार्थी के लिखित आवेदन पर धारा 384,509(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में इलेक्ट्रानिक साधनों का उपयोग कर पीड़िता का फोटो को एडिट कर अश्लील रूप से बनाकर उसके इंस्टाग्राम आईडी में प्रसारण करने पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत धारा 67 आई टी एक्ट जोडी गई है। प्रकरण में आरोपी इंस्टाग्राम के धारक का सम्पूर्ण जानकारी सायबर सेल गरियाबंद से प्राप्त होने पर आरोपी मोहन तारक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि 8.12.2023 को पीड़िता की फोटो को एडिट कर अश्लील रूप से बनाकर उसके इंस्टाग्राम आईडी पर अपमानित करने की नियत से वायरल किया है। मोहन तारक पिता कुमार तारक उम्र 18 वर्ष द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मोहन तारक को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक भोला सिंह राजपूत, सउनिद्र खुमान लाल महिलांग, प्रधान आरक्षक रब्बान खान, दिलीप सिन्हा, आरक्षक रोशन साहू, भरत सेन तथा सायबर टीम का विशेष योगदान रहा।



## विकासखंड स्तरीय मानसगान में पांच मंडलियों ने दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के दीपोत्सव रामोत्सव के अंतर्गत जनपद पंचायत, नगर पंचायत व मंदिर समिति के सम्मिलित सहयोग से पांच मानस मंडलियों के विकासखंड स्तरीय मानसगान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत राम राम मानस मंडली मडेली, स्वरांजलि मानस परिवार कनसिंघी, स्वरधारा मानस मंडली ओनवा, जय कचना धुरवा मानस मंडली रावनाभाठा और शिक्षक मानस परिवार छुरा नगर की प्रस्तुति मानस मंदिर मंच पर हुई। इससे पूर्व सुबह 6:30 बजे से धर्म प्रेमियों द्वारा श्रीराम जयकारे के साथ व भजन कीर्तन करते प्रभात फेरी निकाली गई। पश्चात शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन कीर्तन के साथ श्रीराम जानकी मानस मंदिर रामोत्सव का श्रीगणेश हुआ। पश्चात यज्ञ मंडप पर हवन अनुष्ठान कर चालीसा एवं संक्षिप्त रामायण की चौपाइयों के साथ आहुति दी गई। मंदिर पुजारी यज्ञेश प्रसाद पांडे ने विधि विधान से अनुष्ठान कराया, पश्चात नगर के सदर में मानस मंदिर से बजरंग चौक तक हनुमान जी की पूजा के लिए पद शोभायात्रा की गई। तत्पश्चात अयोध्या धाम में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी को दिखाया गया। प्रत्येक मंडलियों को शासन के द्वारा 5000 रुपये का चेक, श्रीफल, रामसाफा, मानस गुटका देकर विदाई दी गई। आयोजन में प्रमुख रूप से ओंकार शाह मंदिर समिति अध्यक्ष, तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष छुरा, खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष छुरा, राजेश साहू अध्यक्ष, बजरंग पांडे मंदिर सचिव, शीतल ध्रुव समाजसेवी, उज्जवल जैन आयोजन प्रमुख, गोपाल सोनी, मेशनंदन पांडे उपस्थित थे।

**आयोजन**

**कोई भी पात्र योजना के लाभ ना रहे वंचित**

## यात्रा के माध्यम से समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




ग्राम पंचायत रसेला में 22 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला की प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगा।

सर्वप्रथम भारतमाता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर उप-सरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, सचिव भुनेश्वर ध्रुव, पंच कैलाश यादव, अश्मीन सेन, सुमित्रा सोरी, धनमोतिन बाई ठाकुर, नेमीन यादव, सरिता ठाकुर, तुलसी कुर्रे, शारदा बाईं यादव शिवशंकर जायसवाल, सगुन दास आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर। संकल्प रथयात्रा की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, अध्यक्षता उप-सरपंच परमेश्वर यादव, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, भाजपा महामंत्री शिवशंकर जयसवाल, ग्राम पटेल लोकराम यादव, डीआर यादव, सगुन दास आदि जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत पीला चावल और पुष्पहार से किया गया। हाईस्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर प्रस्तुति दी गई। मेरी जुबानी मेरी कहानी के तहत कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पीएम उज्जवल योजना , सेवा सहकारी समिति विभाग के लाभार्थी अपनी अपनी कहानी बताए। कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि यात्रा के माध्यम से समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है , उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। इस यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजनाओं के लाभ से नहीं छूटना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव ने बताया कि गांव गांव शहर शहर पहुंच रही हैं। मोदी की गारंटी से वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी जी की नीति से कोरोना जैसी महामारी से उबरकर राष्ट पुनः उठकर खड़ा हो गया। जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया और कहा कि किसी भी गरीब को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पेन काफी और कक्षा पहली से आठवीं तक प्रथम आने वाले छात्र छात्राओं को भी पेन काफी से पुरस्कृत किया गया।

### शिविर में मिले 768 आवेदन

शिविर में कुल आवेदन 768 जिसमें स्फुटम जांच 16 , आयुष्मान कार्ड निर्माण 02 ,आष्युमान कार्ड वितरण 133 , बीपी जांच 287 , पाज़ीटिव 03 ,सुगर जांच 287 , पाज़ीटिव 01 , सिकल सेल जांच 123 , किसान क्रेडिट कार्ड वितरण 10 , शिक्षा विभाग से 03 , पशुधन विभाग से दवाई वितरण 24 , खाद्य शाखा आवेदन 58 ,उज्जवल योजना से 05 , आवेदन प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि यह शिविर 18 दिसंबर से शुभारंभ हुआ था जो 22 जनवरी को रसेला, मुढीपानी, रूवाड, कुडेरादादर में समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## इको क्लब के छात्र- छात्राओं ने की शाला परिसर की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में इको क्लब के छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई करते हुए पौधों की निराई गुड़ाई कर उनमें वर्मी खाद डाला गया। संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र छात्राओं को शपथ दिलाते हुए शरीर की नियमित रूप से साफ सफाई रखते हुए शाला परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने आगे पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वृक्षों की लगातार अंधाधुंध कटाई होने के कारण पर्यावरण असंतुलन हो गया है। जिनके कारण मानव जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। सभी को पेड़ पौधे लगाते हुए उनका संरक्षण करना चाहिए। वृक्ष हमें फल,फूल,छाया,औषधी के साथ शुद्ध ऑक्सीजन देती है। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,शिक्षक नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू,तोमन साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गिधनी में लगे जय श्रीराम के जयकारे

**मुड़ागांव(कोरासी)।** श्री अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम गिधनी में बजरंग बली मंन्दिर प्रागंण में हवन पूजन एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन का कार्यक्रम किया गया। राम अयोध्या में 500 वर्षो बाद टाल में मंन्दिर में स्थापित हुये इस बात पर लोगों में भारी खुशी है। अक्षत कलश लेकर हिन्दू समाज को न्यौता देने से लेकर हरि नाम संकीर्तन, भजन, संध्या सहित अनके धार्मिक आयोजनों का नेतृत्व कर रही था। मगर गांवों से लेकर मोहल्ले तक लोग स्व स्फूते राम राज के लिये उत्साहित दिखे। हिन्दु समाज ने अपने आदर्श श्रीराम जी का महाआरती विशाल भण्डार प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। और स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुत भी दिया। वहीं प्राण के रात्रि क्षेत्रभर के लोग दीपोत्सव के रुप में मनाया। हर घर के आंगन में रंगोली से सजाया गया वहीं हर घर दीप जलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रुप से छत्तरसिंग ठाकुर, ओंकार सेन, उमान ठाकुर, कोमल ठाकुर, भारत ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर, नारायण सेन, देवांगन ठाकुर, संतु यादव उत्तम ठाकुर, तेजनाथ चन्द्राकर, बेदुराम ठाकुर, देवनाथ ठाकुर, रेवा ठाकुर, शुत्रहन ठाकुर, रामू ठाकुर, कातुक ठाकुर, गैदलाल ठाकुर, अशोक ठाकुर, नीलकंण्ठ ठाकुर, तुलस सागर, यशपाल उपस्थित थे।

### रामलला प्राण-प्रतिष्ठा पर दीवाली जैसा मनाया उत्सव



**छुईहा बेलर।** प्रभु राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को राम भक्ति में परिवार के सदस्यों ने दीपावली त्यौहार जैसा खुशियां मनाया। क्षेत्र के पूरे गांव में दीपावली की तर्ज पर घर को दीप से सजाया।
इन्ही राम भक्ति में सराबोर ग्राम चरौदा के पुरूषोत्तम सिन्हा, संजय, अनिल, दूर्गाप्रसाद , हिमांशु, गुलशन ने घर के हर कोने और घर के बाहर चौरा को दीपक से सजाया। और कहा की प्रभु राम का जीवन चरित्र एक आदर्श है। मानव जीवन के हर पहलू को बड़ी सहजता से चलना सिखाया है। वे हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम हैं बारम्बार कोटी कोटी नमन है। वहीं घर में राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राम की फोटो की स्थापना कर विधिवत पूजा आरती कर घर की चारो तरफ दीपावली की दीपोत्सव मनाकर गया।

### भगवान राम की निकाली झांकी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम पंचायत मुड़ागांव में राम लखन जानकी एवं हनुमान जी का भव्य झांकी प्रदर्शन किया गया। और डीजे के धुन में नाचते गाते गली भ्रमण किया गया।

### कोदोभाठा पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक की मांग

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत कोदोभाठा के सरपंच भारती मांझी एंव ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर मुख्यकार्यपालन अधिकारी मैनपुर से मांग किया है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोदोभाठा में मात्र एक शिक्षक है और एक शिक्षक कक्षा छठवी से आठवी तक 74 बच्चों को पढाई करवा रहे है, ऐसे में आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक शिक्षक कैसे तीन कक्षाओं को बच्चों को पढाते होंगे। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। तत्काल ग्राम कोदोभाठा माध्यमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था किया जाये।

## आस्था : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हवन, यज्ञ व महाआरती

# भक्तिरस में डूबा रहा रसेला सहित पूरा अंचल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अयोध्या में रामलाल के प्राण- प्रतिष्ठा के अवसर पर रसेला राममय में नजर आया। रसेला सहित पूरा अंचल भक्तिरस में डूबा रहा। अंचल के सभी मंदिरों में भजन पूजन का कार्यक्रम सुबह से चलता रहा और लोग इस पावन दिन को यादगार बनाने जुटे रहे। ऐसा ऐतिहासिक और यादगार नजारा लोगों को काफी दिनों तक याद रहेगी जब भगवामय वातावरण में रामलाल के गुणगान करते रहे। इस अवसर पर ग्राम रसेला में सुबह से ही लोग स्नान ध्यान कर मंदिरों की तरफ रुख किए। लोगों ने अपने घरों के छत पर ध्वजा लगाएं। हर गांवों में जगह- जगह हर चौंक - चौराहे पर भजन कीर्तन हुआ। लाउडस्पीकर से जयकारों की आवाज गूंजी। हनुमान मंदिर रंगमंच में सुबह 9 कुंडली गायत्री यज्ञ कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात जनक नंदनी मानस परिवार जटियातोरा के संगीतमय रामकथा व मानस गान प्रस्तुत किया। इसके बाद जागृति नवयुवक मानस मंडली रसेला ने अपने अंदाज में रामकथा का बखान किया। दर्शक श्रोता गण प्रभु श्री राम के गुणानुवाद का आनंद लेते हुऐ भावविभोर होते रहे, जैसे ही दिन में बारह बजा हनुमान चालीसा पाठ किया गया और फाटकों से गांव गूंज उठा। शाम पांच बजे दीप यज्ञ कर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही साथ ग्राम के 19 लोगों को राम-जानकी की छाया चित्र भेंट किया गया। जैसा शाम हुआं दिवाली जैसा नजारा देखने को मिला। लोगों ने कहा कि इतिहास में आज का दिन अविस्मरणीय दर्ज हो गया। भगवान राम केवल अयोध्या के नहीं रह गए है आज वे भारत की पूरी धरती उसके कण कण में समा गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी, व्यापारी संघ एवं गायत्री परिवार के सदस्य जुटे हुए थे।

## मानस मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, लोगों ने मनाई दिवाली, कार सेवकों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

भगवान श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में नगर वासियों ने दिवाली मनाई। सैकड़ों लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। नगर के मानस मंदिर में इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नगर के सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ से प्रभात फेरी से हुआ। जिसमें बाजे -गाजे के साथ सभी लोगों ने श्री राम के भजन करते हुए नगर भ्रमण कर सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की। सुबह 10:00 बजे से मानस मंदिर में दर्शन पूजन का क्रम चलता रहा जो लगभग देर रात संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभात फेरी के पश्चात हवन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें जजमान के रूप में यशवंत यादव और पप्पू कोठारी सपत्नीक एवं महिला मंडल एवं रामायण मंडली के सदस्यों के द्वारा हुआ। अयोध्या से प्रसारित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मानस मंदिर में किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने एक साथ बैठकर भगवान श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा। नगर के शीतला मंदिर में हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन के समय नगर के सेवन पांडे, स्व. तारा ज्ञान देवांगन के सुपुत्र नोवेन्द्र देवांगन, स्व. लोक राम ठाकुर के भतीजे, मड़ेली के ठाकुर एवं चार लोगों के द्वारा अयोध्या कार सेवा के रूप में पहुंचकर सेवा किए जाने लोगों का विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल जैन, मेश नंदन पांडे, शीतल ध्रुव, यशवंत यादव, मिथिलेश सिंहा के द्वारा सम्मान किया गया। शाम5:00 बजे महा आरती एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम निरंतर चलता रहा। उसके पश्चात नगर के बच्चों- महिलाओं सहित पूरे मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर दीप दान किया गया।

### हनुमान चालीसा का किया गया पाठ



छुरा। नगर के बजरंग चौक में भगवान श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चौक के युवाओं ने विशेष सजावट के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। एवं आतिशबाजी कर प्रसाद वितरण किया। प्रमुख रूप से नरेंद्र पटेल, चित्रसेन यद्धु, हेमंत साहू,उत्तम साहू, विकाश देवांगन, राजू यादव, सीआर सिन्हा , शिव ठाकुर , मनोज कुर्रे, विशाल कोठरी, दुर्गेश साहू उपस्थित थे।

## गोहरापदर व अमलीपदर में निकाली भव्य शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां पूरा भारत भगवान राम की भक्ति में सराबोर रहा तो वहीं गोहरापदर में भी भव्य शोभायात्र निकली गई। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का यह पुण्य अवसर सनातनधर्मियों के लिए अभूतपूर्व बन गया। अयोध्या में जैसे ही प्रधानमंत्री ने अभिजीत मुहूर्त में प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा की उसी क्षण ग्राम गोहरापदर में शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।नगर में इस दौरान कीर्तन मंडली के मृदंग पूजन का कार्यक्रम रखा गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया और नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कीर्तन मंडली के साथ सारे ग्राम वासी राम नाम का जाप करते चलते रहे। साथ ही मेनरोड़ के वार्डवासियों ने सवा सौ किलो लड्डू का भोग लगाया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, सरपंच हेमादी बाई मांझी, नरसिंह यादव, पूर्व सरपंच मेघराम बघेल, सुरेश राजपुरोहित, उपसरपंच अल्तमश खान, हरलाल मिश्रा, नवरततन तिवारी, भूषण तिवारी, देवोराम गौंटिया, भूनेश्वर सिन्हा, करन राजपूत, राजेंद्र यादव, डिलेश्वर शर्मा, ललित राम सिन्हा सहित सैकड़ों सनातनी शामिल हुए। ग्राम अमलीपदर में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें 22 जनवरी के पूर्व संध्या अमलीपदर नगर के मुख्य चौंक चौराहे पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर नन्हे बच्चों का राम लक्ष्मण सीता और हनुमान के वेशभूषा में झांकी भी निकाली गई। जिससे अमलीपदर नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। इतना ही नहीं बल्कि निरंतर तीन दिन तक नगरवासियों ने अपने घर आंगन में रंगोली सजाकर दीपावली की तरह दीप जलाएं।




### रामचन्द्र की निकाली गई शोभायात्रा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** बजरंग दल रानीपरतेवा के द्वारा भव्य राम चन्द्र की शोभायात्रा निकाली गई। एवं पूजा - अर्चना कर महाप्रसादी वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रुप से रमन नामदेव मंडल संयोजक भाजपा पांडुका ,पंकज निर्मलकर भाजपा युवा नेता, मुकुंद यदु अध्यक्ष बजरंग दल, ओमकार साहू, देवेंद्र नामदेव, खिलु सोनी, तुकेश्वर निषाद, सोनू गिरी, दुष्यन्त सिन्हा, मुकेश साहू, योगेश निषाद, दिनेश कश्यप, कोमल यदु, घनस्याम साहू, तुकाराम निषाद, कॉलेन्द्र देवांगन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### रामलला की शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**मुड़ागांव(कोरासी)।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर रामभक्ति जय श्री राम की धूम देखने को मिला ग्राम मड़ेली में भगवान श्री राम, लक्ष्मण एवं माता सीता की शोभायात्रा निकली गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के भक्त शामिल हुए। रामरंग में डूबे हुए तमाम भक्तों ने जमकर जश्न मानाया। यहां रामभक्ति का ऐसा खुमार देखने को मिला कि तामम लोग बाजे -गाजे की धुन पर थिरकते नजर आए।



## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर अंचल में रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

अंचल में सोमवार को भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद, साजापाली, नवापारा भैरा, कसेकेरा, रआनईपरतएवआ, करकरा, खड़मा, करचाली, बम्हनी, बोईरगांव, कनेसर, पीपरछेड़ी, लोहझर, आदि ग्रामों में हवन पूजन के साथ रामायण पाठ




का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम गोदलाबाहरा के मानस पुत्र द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ से प्रारंभ किया। जो सुबह से एकाएक राम भक्तों की कतार लगी रही और रात्रि दो बजे तक चलता रहा। जिसका समापन राम राम मानस परिवार ने किया। वहीं पूरा गांव जय श्री राम के जयकारों से गूंजाता रहा। ग्रामीणों को माता कौशल्या भंडार में सभी को भोजन प्रसाद कराया गया।

## श्री शिवमहापुराण कथा एवं ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालुओं की रही भीड़

# भक्ति भजन और पूजा पाठ में दिखावा नहीं होना चाहिए : नंदकिशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर के शांतिनगर में श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन 19 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पंडित नंदकिशोर चौबे महाराज द्वारा शिवमहापुराण कथा में गुणनिधि की कथा, नारद अभिमान, सति चरित्र, सति देह त्याग, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, शिव पार्वती विहार, श्री कार्तिक एंव श्री गणेश जन्म, त्रिपुरासुर की कथा, पशुपति वत्र, वृंदा जलंधर प्रसंग का कथा का वाचन किया गया। इस दौरान कथावाचक आचार्य नंदकिशोर चौबे ने कहा कि हम सब पर भगवान शिव की कृपा है तभी हम यहा कथा में बैठे है शिवकृपा आती है, तब हमें जीवन में कोई न कोई सुख प्राप्त होता है। शिव




की कृपा उदारता आप और हम पर हुई है उन्होने आगे कहा कि कथा में आओं तो अपनी राजसत्ता, धन, वैभव, ऐश्वर्य एंव विलासिता छोडकर आये और चित लगाकर शिवपुराण श्रवण करें। इससे निश्चित रूप से भगवान शिव प्रसन्न होगें। भगवान शिव को सिर्फ आपका निर्मल मन चाहिए धन, वैभव, सम्पति उससे कोई मतलब नहीं है। आचार्य पंडित नंदकिशोर चौबे ने कहा कि भगवान को मानना है तो सच्चे दिल से मानों उन्होने बताया कि माता शबरी ने भगवान राम की प्रतिक्षा के लिए कंडक और पत्थर उठाकर रास्तों को साफ किया। उसे कोई मंत्र नहीं आता था बस केवल भगवान राम का इंतजार करते थे। शबरी का दिल साफ था तो उनको भगवान के दर्शन हो गये वैसे ही सभी भक्तों का दिल साफ होना चाहिए भगवान जरूर मिलेगा। श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रध्दालुओं की भारी भींड लग रही है। वहीं दूर-दूर के गावों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं श्रद्धालुओं के लिए भी प्रसाद की व्यवस्था किया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय बजरंगदल के अध्यक्ष ईशु शर्मा, सरस्वती ठाकुर, मोहनी शर्मा, तारणी वर्मा, दिनेश शर्मा, यशवंत शर्मा, मुकेश ठाकुर, नुपुर राजपुत, विशाल ठाकुर, शालूरानी ठाकुर, अजय बघेल, विरेन्द्र श्रीवास्तव, नंदू साहू, तीवकुमार सोनी, हर्श अवस्थी, बालाराम साहू, मनीश विश्वकर्मा सहित श्रद्धालु पहुंच रहे है।

